विदेशों से भारतीयों की वापसी

1375. **श्री रणजीत सिंह :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विगत तीन वर्षों के दौरान, अर्थात, 1989 से, भारतीय मूल के नागरिकों को अनेक देशों से भारत वापस लौटना पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो किन-किन देशों से इन भारतीयों को वापस भारत लौटने पर बाध्य होना पड़ा है और उनके प्रत्यावर्तन के क्या कारण थे;

(ग) इस अवधि के दौरान इन देशों से अपनी मातृभूमि वापस आने वाले भारतीयों की संख्या कितनी है और क्या सरकार ने इन भारतीयों की विदेशों में छूटी संपत्ति के संबंध में संबद्ध सरकारों को कोई दावे प्रस्तुत किए हैं; और

(घ) यदि हां, तो किन-किन देशों से ये संपत्तियां वापस प्राप्त हो गई हैं?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एदुआर्द फलेरियो) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) किस-किस देश से कितने-कितने भारतीय निर्वासित किए गए, इसकी सूचना विदेश स्थित भारतीय मिशनों से मंगाई गई है और प्राप्त होने पर सदन की मेज पर रख दी जाएगी।

सरकार ने इन निर्वासित व्यक्तियों की सम्पत्ति के संबंध में, अगर उन्होंने को सम्पत्ति छोड़ी हो तो, सम्बद्ध सरकारों के समक्ष अभी कोई दावा पेश नहीं किया है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

चकमा शरणार्थियों के मानवाधिकारों का हनन

1376. **श्री रणजीत सिंह :**
सरदार हरजीत सिंह हरेड़ :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 11 अगस्त, 1991 के दैनिक टेलीग्राफ में "पैनल अलेजेज ह्यूमन राइट्स एब्यूजेज ऑन चकमास" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित हुए समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में यह उल्लेख किया है कि चकमा पर्वतीय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मानव अधिकारों का हनन किया जा रहा है;

(ग) क्या हाल ही में चकमा शरणार्थियों के प्रतिनिधियों ने उक्त रिपोर्ट को अपने ज्ञापन सहित सरकार को दिया था;

(घ) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि सरकार को इन चकमा शरणार्थियों के आवास, भोजन, दवाइयों आदि पर प्रति वर्ष बड़ी भारी धनराशि खर्च करनी पड़ रही है;

(ङ) चकमा पर्वतीय क्षेत्र में व्याप्त स्थिति के बारे में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थान की रिपोर्ट को तथा चकमा शरणार्थियों के प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए ज्ञापन को ध्यान में रखते हुए क्या सरकार ने इन शरणार्थियों को बंगलादेश वापस बुलाने के लिए बंगलादेश सरकार से प्रभावी कार्यवाही करने के लिए दबाव डाला है; और

(च) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है?